# कार्यालय कलेक्टर (भू–अभिलेख) जिला– रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

## संशोधित विज्ञप्ति

क्रमांक / 63 / भू.अ.लि. / पट.परीक्षा / 2012 रायगढ़, दिनांक 17 अगस्त 2012

छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, रायपुर के ज्ञापन क्रमांक 6–138 / 2004 / सात–3 रायपुर, दिनांक 31 जुलाई 2012 में प्रदत्त निर्देशों के अनुसार जिले में पटवारी के रिक्त पदों हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये योग्य उम्मीदवार के चयन के लिये पटवारी चयन प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु जिले के निवासी इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने हेतु विज्ञप्ति कार्यालयीन पत्र क्रमांक 940 / भू.अ.लि. / पट.परीक्षा / 2012 रायगढ़, दिनांक 08 अगस्त 2012 के द्वारा जारी किया गया था । पूर्व में जारी विज्ञप्ति के अनुसार 116 पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे उक्त विज्ञापन को निरस्त किया जाता है ।

इस संबंध में सचिव छ0ग0 शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश कमांक एफ–6–138 / सात–3 / 2004 / पटवारी परीक्षा / 2012 रायपुर दिनांक 14.08.2012 एवं आयुक्त भू अभिलेख छ0ग0 रायपुर के पत्र कमांक 11047 / आ.भू.अ. / प्रशिक्षण / 2012 रायपुर दिनांक 17.08.2012 के पालन में रिक्त पटवारी पदों में कुल 44 पद पर विज्ञप्ति जारी किया जाकर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं ।

2 / आवेदन पत्र में संलग्न प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियों को राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित कराया जाए।

3 / आवेदन पत्र प्राप्ति का अंतिम दिनांक 10.09.2012 तक जिला कलेक्टर कार्यालय के भू–अभिलेख शाखा रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस में दोपहर 2.30 बजे तक जमा कराये जा सकते हैं। इसके उपरांत प्राप्त आवदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

4 / जिले में पटवारी (वेतनमान प्रशिक्षण उपरांत नियुक्त होने पर रूपये 5200–20200 तथा ग्रेड पे रूपये 2,200) के रिक्त पदों का विवरण निम्नांकित है :–

5 / रिक्त पटवारी पदों का विवरण निम्नांकित अनुसार है :–

| क्र0 | जिले का नाम | रिक्त पदों की संख्या | वर्ग | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.ज.जा. | | अ.जा. | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | अनारक्षित | | योग | |
| | | | म | पु | म | पु | म | पु | म | पु | म | पु |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | रायगढ़ | 44 | 08 | 16 | 01 | 04 | 04 | 03 | 03 | 05 | 16 | 28 |

शर्तें
(1) रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है। इस पर कलेक्टर का निर्णय अंतिम होगा।
(2) विज्ञापित पदों पर चयन करने या नहीं करने का अधिकार कलेक्टर के पास सुरक्षित होगा।
(3) रिक्त पदो के विज्ञापन के संबंध में विस्तृत विवरण जिला कलेक्टर के कार्यालय / वेब साईट से लिया जा सकता है। जिन तहसीलों में इन्टरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है उन विकासखण्ड मुख्यालय तथा तहसील मुख्यालय में ऑफ लाईन मोड में आवेदन पत्र का प्रारूप अपलोड किया जाय, ताकि अभ्यर्थी कम्प्यूटर से आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर सके।
(4) आयु सीमा :– आवेदक 1 जनवरी 2012 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच की आयु सीमा पूर्ण करता हो। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / महिला आवेदकों के लिये आयु सीमा के मामले में शासन द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों के आधार पर छूट मान्य होगी, जो कि अधिकतम 45 वर्ष तक ही होगी।
(5) शैक्षणिक योग्यता :– आवेदक को कम से कम :–
(I) छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

तथा

(II) शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय या भारत सरकार अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्ष का कम्प्यूटर एप्लीकेशन अर्हता (डिप्लोमा) (प्रमाण पत्र संलग्न करें) परन्तु

अधिसूचित क्षेत्र के सफल उम्मीदवार जो पटवारी पद पर चयनित होंगे, को शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय या भारत सरकार अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थाओं से एक वर्ष के अंदर कम्प्यूटर एप्लीकेशन (डिप्लोमा) प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(6) स्थानीय निवास और रोजगार कार्यालय का पंजीयन – आवेदक को जिले का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है (प्रमाण पत्र संलग्न करें) तथा उसका नाम छत्तीसगढ़ के रोजगार कार्यालय में प्रविष्ट होना चाहिये जो कि आवेदन दिनांक को जीवित भी हो (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

(7) आवेदन पत्र और प्रवेश पत्र पर स्वयं का पास पोर्ट साईज छायाचित राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित कर चस्पा किया जाए।

(8) आवेदक द्वारा सभी प्रमाण पत्र तथा जन्म दिनांक हेतु हाई स्कूल (10वीं) की अंकसूची/प्रमाण–पत्र, हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय में पंजीयन का जीवित प्रमाण पत्र, कम्प्यूटर अर्हता का प्रमाण पत्र (मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा ही) आदि की प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न की जानी आवश्यक है। इन्हें ज्वानिंग के समय मूल रूप से प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

(9) कम्प्यूटर एप्लीकेशन अर्हता (डिप्लोमा) हेतु मात्र निम्नांकित को ही मान्यता है :–

(i) कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेन्ट– एक वर्षीय डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. से

(ii) प्रदेश के पालिटेक्नीक से मार्डन आफिस मेनेजमेन्ट या कम्प्यूटर साईस या इन्फारमेशन टेक्नालॉजी में त्रिवर्षीय डिप्लोमा या समकक्ष डिप्लोमा।

(iii) पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर/गुरू घांसीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर/ इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय/ भोज विश्वविद्यालय से एक वर्षीय (Post Graduate Diploma in Computer Application) या समकक्ष डिप्लोमा।

(iv) मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन/राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर साईंस/मार्डन आफिस मेनेजमेंट का डिप्लोमा (2 वर्ष से अन्यून)

(v) वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डीम्ड यूनिवर्सिटी/ मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त कम्प्यूटर साईंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पी.जी.डिप्लोमा अथवा स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि।

(vi) DOEACC Society New Delhi द्वारा प्रदत्त विभिन्न डिप्लोमा एवं

(vii) मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्राम असिस्टेन्ट व्यवसाय में प्रदत्त एक वर्षीय सर्टिफिकेट।

(10) आवेदन के साथ आवेदक, स्वयं का डाक का पता लिखकर 10/– रू0 का डाक टिकट लगा लिफाफा संलग्न किया जाए।

(11) पटवारी प्रशिक्षण हेतु चयन का आधार लिखित परीक्षा होगी। जिसके अधिकतम 100 अंक होंगे। साक्षात्कार नहीं होगा।

(12) असत्य जानकारी प्रस्तुती पर उम्मीदवारी और चयन किसी भी स्तर पर निरस्त कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

(13) गृह (पुलिस) विभाग से चरित्र सत्यापन कराया जाएगा। आवेदक इसकी अनुकूलता पर ही प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

कलेक्टर
रायगढ़ (छ.ग.)

– 3 –

पृ.क्रमांक / 981/भू.अ.लि. / पट.परीक्षा / 2012 रायगढ़, दिनांक 17 अगस्त 2012

प्रतिलिपि :—

1. सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, रायपुर को सूचनार्थ।
2. आयुक्त, भू–अभिलेख, छ.ग.रायपुर की ओर उनके पत्र क्रमांक 10809 / आ.भू / प्रशिक्षण / 2012 रायपुर, दिनांक 3.7.2012 तथा पत्र कमांक 11047 / आ.भू.अ. / प्रशिक्षण / 2012 रायपुर दिनांक 17.08.2012 के संदर्भ में सूचनार्थ।
3. आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर को सूचनार्थ।
4. प्राचार्य, पालूराम धनानिया महाविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. संचालक, जन सम्पर्क, रायपुर / सहायक संचालक, जन सम्पर्क, रायगढ़ को स्थानीय एवं प्रदेश स्तर के समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ अग्रेषित।

कलेक्टर
रायगढ़ (छ.ग.)

## पटवारी चयन परीक्षा हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

| |
|---|
| पासपोर्ट साईज का नवीनतक फोटो राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित |

प्रति,

कलेक्टर
जिला रायगढ़ (छ.ग.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आवदेक का नाम | :– | ........................................ |
| 2. | आवेदक के पिता का नाम | :– | ........................................ |
| 3. | जन्म दिनांक (अंकों में) | :– | ........................................ |
| | (शब्दों में) | :– | ........................................ |
| 4. | स्थायी निवास का पता | :– | ........................................<br>........................................<br>........................................<br>........................................ |
| 5. | पत्र का व्यवहार का पता | :– | ........................................<br>........................................<br>........................................<br>........................................ |
| 6. | दिनांक 01 जनवरी 2012 को आवेदक की आयु | :– | वर्ष ............... माह ........................ |
| 7. | अनूसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछडा वर्ग के हों तो (प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें ) | :– | ........................................ |
| 8 | .शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी स्कूल (10+2) बोर्ड का नाम वर्ष और प्राप्त प्रतिशत ( प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें ) | :– | ........................................<br>........................................ |
| 9. | कम्प्यूटर एप्लीकेशन आहर्ता (डिप्लोमा)( प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें ) | :– | ........................................ |
| 10 | रोजगार कार्यालय का नाम तथा पंजीयन कमांक जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति | :– | ........................................ |
| 11. | मूल निवास के जिले का नाम (छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें) | :– | ........................................ |
| 12. | संलग्नकों की संख्या | :– | ........................................ |

स्थान ..............................
दिनांक ..............................

आवेदक के हस्ताक्षर
(नामः–                    )

आवेदक अपने हस्ताक्षर राजपत्रित अधिकारी के सामने करें एवं प्रमाणित कराएं ।

**पटवारी चयन परीक्षा प्रतियोगिता वर्ष ............... प्रवेश पत्र जिला ..................**

(इस प्रवेश पत्र में रोल नम्बर परीक्षा केन्द्र व परीक्षा दिनांक को छोडकर शेष पूर्तियां परीक्षार्थी को ही करना है )

| पासपोर्ट साइज का सत्यापित फोटो यहां चस्पा करें । |
|---|

1. आवेदक का नाम ..............................................................................................................
.................................................................................................................................
2. आवेदक के पिता / पति का नाम ..........................................................................................
.................................................................................................................................
3. निवासी .....................................................................................................................
.................................................................................................................................
.................................................................................................................................
4. पत्र व्यवहार का पूरा पता .................................................................................................
.................................................................................................................................
.................................................................................................................................

1. परीक्षा दिनांक :- ...........................................................................
2. परीक्षा समय :- ...........................................................................
3. परीक्षा केन्द्र का पता :- ...........................................................................
...........................................................................
...........................................................................

जारी करने वाले अधिकारी के
हस्ताक्षर एवं पदनाम

---

कार्यालय कलेक्टर (भू अभिलेख( जिला रायगढ़ (छ0ग0)

-: आवेदन प्राप्ति की रसीद :-

श्री ........................................ पिता / पति श्री ...........................................................
की पटवारी चयन प्रतियोगिता परीक्षा वर्ष ...................... हेतु आवेदन पत्र मय सहपत्रों के प्राप्त हुआ ।

स्थान ..................................
दिनांक ..............................

प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर
एवं कार्यालय की पदमुद्रा